Regarding need for proper representation of people as per its population ratio

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक): सभापति महोदय, दशकों के लोकतंत्र के हमारे अनुभव ने हमें बताया है कि देश में कई ऐसे वर्ग हैं, जिनको उनकी जनसंख्या के अनुपात में विधान सभाओं और लोक सभाओं में प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। इसका कारण यह है कि इनकी जनसंख्या का फैलाव होता है और बहुत कम ऐसे क्षेत्र होते हैं, जिनमें ये केन्द्रित होते हैं। ये बहुत कम लोक सभा और विधान सभा क्षेत्र में होते हैं। इसमें हरियाणा का बीसीए वर्ग है, जो एक भूमिहीन और पिछड़ा वर्ग है। यह एक हुनरमंद और मेहनतकश रूप में जाना जाता है इसमें जो पारंपरिक और शिल्पकार आदि वर्ग है जिसमें जांगिड़ा, प्रजापति, कुम्हार, विश्वकर्मा, पांचाल, स्वर्णकार, सैन, कश्यप, पाली, जोगी, तेली, धोबी और कम्बोज हैं, उनका उतना प्रतिनिधित्व नहीं बनता।

मेरी सरकार से मांग है कि जब परिसीमन होगी और उसके बाद जब पूरे देश और प्रदेशों में सीटें बढ़ेगी तो ऐसी व्यवस्था हो कि इन वर्गों के लिए भी कुछ सीटें निर्धारित की जाएं या यह सुनिश्चित किया जाए कि इनको भी विधान सभाओं और लोक सभाओं में जातिगत जनसंख्या के आधार पर पूरा प्रतिनिधित्व मिले।

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 5 अगस्त, 2024 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

19.01 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Monday, August 5, 2024/Sravana 14, 1946 (Saka).

-

-

-

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following address:

www.sansad.in/ls

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

@ Not recorded.

?. English translation of this part of speech was originally delivered in Marathi.